# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 07 अप्रैल 2026, अंक –252.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"निरंतर सीखना ही सच्ची प्रगति है।"
— लियोनार्डो दा विंची



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Tuesday Prayer

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बना नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत् का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है ॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण दया।
तुकड़िया कहे कोई न और दिखा,
बस मैं अरु तू सब एकही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: जर्मनी की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: बर्लिन
प्रश्न 2: विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन सा है?
उत्तर: अंटार्कटिका (ठंडा रेगिस्तान)
प्रश्न 3: 'पंजाबी' भाषा का गुरमुखी लिपि में विकास किसने किया?
उत्तर: गुरु अंगद देव
प्रश्न 4:  2 के विभाज्यता का नियम क्या है?
उत्तर: जिस संख्या के इकाई स्थान पर 0,2,4,6 और 8 हो।
प्रश्न 5: बिहार में सूर्य मंदिर कहाँ स्थित है?
उत्तर: देव (औरंगाबाद जिला)
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय खेल कौन सा है?
उत्तर: हॉकी
प्रश्न 7: पेनिसिलिन (एंटीबायोटिक) की खोज किसने की?
उत्तर: अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
प्रश्न 8: संविधान सभा का अंतरिम अध्यक्ष कौन था?
उत्तर: डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
प्रश्न 9: 'नीरद' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।
उत्तर: नि: + रद (विसर्ग संधि)
प्रश्न 10: सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश को पहुँचने में लगभग कितना समय लगता है?
उत्तर: 8 मिनट 20 सेकंड

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

1. Ourselves – (आवरसेल्व्ज़) – हम स्वयं
2. Yourselves – (योरसेल्व्ज़) – आप लोग स्वयं
3. Themselves – (देमसेल्व्ज़) – वे स्वयं
4. Who – (हू) – कौन (व्यक्ति के लिए)
5. Whom – (हूम) – किसको / किससे
6. Whose – (हूज़) – किसका / किसकी / किसके


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

थीम: "वे ... हैं" (They are ...)

वे खुश हैं। – They are happy.
वे ठीक हैं। – They are fine.
वे तैयार हैं। – They are ready.
वे व्यस्त हैं। – They are busy.
वे सुरक्षित हैं। – They are safe.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 07 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (WHO) की स्थापना के उपलक्ष्य में कौन सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व स्वास्थ्य दिवस
व्याख्या: 7 अप्रैल 1948 को 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की स्थापना हुई थी। यह दिवस दुनिया भर में लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सभी तक सुनिश्चित करने के लिए मनाया जाता है। "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है," यह संदेश छात्रों के लिए जीवन का मूल मंत्र है।
संदर्भ: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) आधिकारिक कैलेंडर 2026।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला टेक्सटाइल पार्क' स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है? (समसामयिकी)
उत्तर: पश्चिम चम्पारण (बेतिया)
व्याख्या: बिहार में कपड़ा उद्योग (Textile Industry) को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए बेतिया के 'कुमारबाग' में एक विशाल टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की योजना है। इससे न केवल राज्य का निर्यात बढ़ेगा, बल्कि हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। यह चम्पारण के औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा।
संदर्भ: उद्योग विभाग, बिहार सरकार (अप्रैल 2026)।

3. "महाभाष्य" नामक प्रसिद्ध ग्रंथ के रचयिता कौन हैं, जो पाणिनी के व्याकरण पर आधारित एक विस्तृत टीका है? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: महर्षि पतंजलि
व्याख्या: पतंजलि द्वारा रचित 'महाभाष्य' पाणिनी की 'अष्टाध्यायी' पर लिखी गई सबसे महत्वपूर्ण और प्रामाणिक व्याख्या है। यह न केवल व्याकरण के नियमों को स्पष्ट करती है, बल्कि प्राचीन भारतीय दार्शनिक और भाषाई चिंतन की गहराई को भी दर्शाती है। पतंजलि को योग सूत्र का प्रणेता भी माना जाता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1, पृष्ठ 8।

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' में वे जीव जो अपने भोजन के लिए केवल पौधों पर निर्भर रहते हैं, क्या कहलाते हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: प्राथमिक उपभोक्ता (शाकाहारी)
व्याख्या: खाद्य श्रृंखला में पौधों (उत्पादकों) को खाने वाले जीव 'प्राथमिक उपभोक्ता' कहलाते हैं, जैसे—हिरण, खरगोश और गाय। ये जीव सूर्य की ऊर्जा को, जिसे पौधों ने संचित किया है, अगले पोषण स्तर तक पहुँचाने का कार्य करते हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 15 (हमारा पर्यावरण), पृष्ठ 258।

5. प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में 'पाषाण काल' को कितने मुख्य भागों में विभाजित किया गया है? (इतिहास)
उत्तर: तीन (पुरापाषाण, मध्यपाषाण और नवपाषाण काल)
व्याख्या: मानव इतिहास के आरंभिक चरण को पत्थरों के औजारों के उपयोग के आधार पर तीन भागों में बांटा गया है। पुरापाषाण काल सबसे लंबा काल था, जहाँ मानव शिकारी और खाद्य संग्राहक था। नवपाषाण काल में मानव ने खेती और पशुपालन करना प्रारंभ किया, जो सभ्यता की शुरुआत का आधार बना।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 2 (आखेट-खाद्य संग्रह से भोजन उत्पादन तक), पृष्ठ 12।

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जो 'तीन ओर' से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (नेपाल, चीन और भूटान) से घिरा हुआ है? (भूगोल)
उत्तर: सिक्किम
व्याख्या: सिक्किम भारत का एक सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके पश्चिम में नेपाल, उत्तर और उत्तर-पूर्व में चीन (तिब्बत) तथा पूर्व में भूटान स्थित है। दक्षिण में इसकी सीमा पश्चिम बंगाल से मिलती है। यह भारत की उत्तर-पूर्वी सुरक्षा और जैव विविधता का एक प्रमुख केंद्र है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत - आकार और स्थिति), पृष्ठ 6।

7. भारतीय संविधान में 'मौलिक अधिकारों' का संरक्षक (Guardian of Fundamental Rights) किसे माना जाता है? (संविधान)
उत्तर: उच्चतम न्यायालय (Supreme Court)
व्याख्या: यदि किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन होता है, तो वह अनुच्छेद 32 के तहत सीधे उच्चतम न्यायालय की शरण ले सकता है। न्यायालय इन अधिकारों की रक्षा के लिए 'रिट' (Writs) जारी करता है। इसी कारण डॉ. अंबेडकर ने अनुच्छेद 32 को संविधान की 'हृदय और आत्मा' कहा था।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 41।

8. वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें किसी पदार्थ से 'ऑक्सीजन का ह्रास' (निकलना) होता है, क्या कहलाती है? (विज्ञान)
उत्तर: अपचयन (Reduction)
व्याख्या: रासायनिक अभिक्रियाओं में ऑक्सीजन का जुड़ना 'उपचयन' (Oxidation) और ऑक्सीजन का अलग होना 'अपचयन' (Reduction) कहलाता है। इन अभिक्रियाओं को सम्मिलित रूप से 'रेडॉक्स' अभिक्रियाएँ कहा जाता है। यह धातुओं के निष्कर्षण और औद्योगिक प्रक्रियाओं में बहुत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1 (रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण), पृष्ठ 13।

9. विश्व प्रसिद्ध 'एलोरा की गुफाओं' में स्थित 'कैलाश मंदिर' का निर्माण किस राजवंश के शासकों ने करवाया था? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: राष्ट्रकूट वंश
व्याख्या: महाराष्ट्र में स्थित यह भव्य मंदिर राजा कृष्ण प्रथम द्वारा बनवाया गया था। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे ऊपर से नीचे की ओर एक ही विशाल चट्टान को काटकर बनाया गया है (Monolithic Architecture)। यह भारतीय मूर्तिकला और इंजीनियरिंग का एक विस्मयकारी उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 (Fine Arts) भारतीय कला का परिचय, अध्याय 5, पृष्ठ 75।

10. बिहार के किस जिले में 'राजगीर महोत्सव' का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है? (बिहार GK)
उत्तर: नालंदा
व्याख्या: नालंदा जिले के राजगीर (प्राचीन राजगृह) में इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यहाँ शास्त्रीय संगीत, नृत्य और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह महोत्सव बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपराओं और पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; SCERT बिहार कक्षा 6 इतिहास।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): अगलगी की घटना होने पर किस 'आपातकालीन नंबर' पर तुरंत सूचना देनी चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: 101
व्याख्या: आपदा कैलेण्डर 2026 के अनुसार, आग लगने की स्थिति में सबसे पहले घबराएँ नहीं और तुरंत अग्निशमन सेवा (Fire Brigade) को 101 नंबर पर फोन करें। इसके साथ ही "रुको, लेटो, लुढ़को" के नियम का पालन करें यदि कपड़ों में आग लग गई हो। विद्यालय और घर में हमेशा बालू और पानी तैयार रखना चाहिए।
संदर्भ: आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026।

12. 4, 9, 16, 25, ? — दी गई श्रेणी में रिक्त स्थान पर कौन सी संख्या आएगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 36
व्याख्या: यह श्रेणी पूर्ण वर्ग संख्याओं (n^2) पर आधारित है:


GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Trivial (ट्रिवियल) = Insignificant (इन्सिग्निफिकेंट) = तुच्छ / महत्वहीन
Antonym – Significant (सिग्निफिकेंट) = महत्वपूर्ण
Ubiquitous (यूबिक्विटस) = Omnipresent (ओम्निप्रेज़ेंट) = सर्वव्यापी
Antonym – Rare (रेयर) = दुर्लभ
Venerate (वेनेरेट) = Respect (रिस्पेक्ट) = सम्मान करना
Antonym – Disrespect (डिसरिस्पेक्ट) = अपमान करना
Wane (वेन) = Decrease (डिक्रीज़) = घट जाना
Antonym – Wax (वैक्स) = बढ़ना
Yearly (ईयरली) = Annual (एनुअल) = वार्षिक
Antonym – Daily (डेली) = दैनिक




~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**India successfully tests indigenously developed anti-drone system 'Indrajaal' in Rajasthan; Defence Minister Rajnath Singh calls it a major boost to border security amid global tensions.**
**भारत ने राजस्थान में स्वदेशी एंटी-ड्रोन सिस्टम 'इंद्रजाल' का सफल परीक्षण किया; रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे वैश्विक तनाव के बीच सीमा सुरक्षा के लिए बड़ा बढ़ावा बताया।**

**Government announces ₹2 lakh crore package for semiconductor and electronics manufacturing; aims to create 5 lakh new jobs by 2028.**
**सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए ₹2 लाख करोड़ का पैकेज घोषित किया; 2028 तक 5 लाख नए रोजगार सृजन का लक्ष्य।**

**Supreme Court directs all states to implement uniform guidelines for temple stampede prevention after Nalanda incident; emphasizes crowd management and emergency protocols.**
**सुप्रीम कोर्ट ने नालंदा घटना के बाद सभी राज्यों को मंदिरों में भगदड़ रोकने के लिए एकसमान दिशानिर्देश लागू करने का निर्देश दिया; भीड़ प्रबंधन और आपात प्रोटोकॉल पर जोर।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iran war day 34: US and Israel agree to 72-hour ceasefire pause for humanitarian aid and negotiations; Trump says "very good progress" made towards permanent deal.**
**ईरान युद्ध 34वें दिन: अमेरिका और इज़राइल ने मानवीय सहायता और वार्ता के लिए 72 घंटे का युद्धविराम विराम घोषित किया; ट्रंप ने स्थायी समझौते की ओर 'बहुत अच्छी प्रगति' बताई।**

**Houthis attack two more merchant vessels in Red Sea; international shipping companies reroute vessels, causing further rise in global freight and oil prices.**
**हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में दो और व्यापारी जहाजों पर हमला किया; अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों ने मार्ग बदले, वैश्विक माल ढुलाई और तेल कीमतें बढ़ीं।**

**China offers to mediate in Iran conflict; Beijing proposes trilateral talks with US and Iran in upcoming weeks.**
**चीन ने ईरान संघर्ष में मध्यस्थता की पेशकश की; बीजिंग ने अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका और ईरान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव रखा।**

## BIHAR NEWS

**CM Nitish Kumar reviews progress of Samriddhi Yatra Phase-4 in Madhubani and Darbhanga; announces new irrigation and road projects worth ₹850 crore for Mithila region.**
**सीएम नीतीश कुमार ने मधुबनी और दरभंगा में समृद्धि यात्रा चरण-4 की प्रगति की समीक्षा की; मिथिला क्षेत्र के लिए ₹850 करोड़ की नई सिंचाई और सड़क परियोजनाएं घोषित।**

**Bihar government enhances compensation for Nalanda stampede victims to ₹10 lakh each; strict action initiated against temple management lapses.**
**बिहार सरकार ने नालंदा भगदड़ पीड़ितों के लिए मुआवजा ₹10 लाख प्रति व्यक्ति बढ़ाया; मंदिर प्रबंधन की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई शुरू।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026: Gujarat Titans thrash Punjab Kings by 8 wickets in high-scoring encounter; Shubman Gill scores unbeaten 89 as GT tops the table early.**
**आईपीएल 2026: गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हाई स्कोरिंग मैच में रौंदा; शुभमन गिल का नाबाद 89, GT शुरुआती स्टेज पर टॉप पर।**

**Virat Kohli becomes fastest to reach 12,000 IPL runs; RCB registers second consecutive win as Indian captains continue impressive show this season.**
**विराट कोहली IPL में 12,000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने; RCB ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की, इस सीजन भारतीय कप्तान शानदार फॉर्म में।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

अनुभाग-6

## प्रेरक प्रसंग

# "स्वास्थ्य ही सच्ची संपत्ति"

7 अप्रैल की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सभी छात्र ध्यानपूर्वक खड़े थे।

प्रार्थना के बाद प्रधानाध्यापक महोदय मंच पर आए और बोले—

"बच्चों, आजकल एक नई समस्या तेजी से बढ़ रही है। कई बच्चे घर का खाना छोड़कर बाहर का जंक फूड—पिज्जा, बर्गर, चिप्स, चाउमीन आदि ज्यादा पसंद करने लगे हैं। स्वाद के चक्कर में हम अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा—

"हाल के दिनों में ऐसी खबरें भी आई हैं, जहाँ ज्यादा जंक फूड खाने और लापरवाही के कारण बच्चों की तबीयत गंभीर रूप से खराब हो गई। इसलिए हमें समय रहते सचेत होना जरूरी है।"

फिर उन्होंने एक कहानी सुनाई—

एक छात्र था रोहित। उसे बाहर का खाना बहुत पसंद था। वह रोज़ टिफिन का खाना छोड़ देता और दोस्तों के साथ चिप्स, बर्गर और चाउमीन खाता था।

धीरे-धीरे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। वह जल्दी थक जाता, पढ़ाई में मन नहीं लगता और अक्सर बीमार रहने लगा। एक दिन उसकी तबीयत इतनी खराब हो गई कि उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा।

डॉक्टर ने साफ कहा— "अगर तुमने अपनी खान-पान की आदतें नहीं बदलीं, तो आगे और गंभीर समस्या हो सकती है।"

रोहित डर गया। उसने अपनी गलती समझी और घर का ताजा, पौष्टिक खाना खाना शुरू किया। साथ ही रोज़ थोड़ा व्यायाम भी करने लगा।

कुछ ही समय में उसकी सेहत सुधरने लगी। अब वह पहले से ज्यादा सक्रिय और खुश रहने लगा।

प्रधानाध्यापक महोदय ने बच्चों से कहा—

"बच्चों, याद रखो—बाहर का स्वाद कुछ पल का होता है, लेकिन घर का खाना जीवनभर स्वास्थ्य देता है।"

सभा के अंत में सभी छात्रों ने संकल्प लिया—

"हम जंक फूड से दूरी बनाएंगे और स्वस्थ जीवन अपनाएँगे।"

संदेश : "स्वास्थ्य ही सच्ची संपत्ति है—इसे संभालना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन (Differentiated Instruction) का महत्व"

विद्यालय की एक ही कक्षा में बैठे सभी बच्चे समान नहीं होते—उनकी सीखने की गति, रुचि, समझ और पृष्ठभूमि अलग-अलग होती है। ऐसे में यदि सभी बच्चों को एक ही तरीके और एक ही स्तर पर पढ़ाया जाए, तो कुछ बच्चे आसानी से समझ जाते हैं, जबकि कई बच्चे पीछे छूट जाते हैं। इसी चुनौती के समाधान के रूप में डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन (Differentiated Instruction) की अवधारणा सामने आती है।

डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन का अर्थ है—बच्चों की व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षण को इस प्रकार संचालित करना कि प्रत्येक बच्चे को उसकी क्षमता और आवश्यकता के अनुसार सीखने का अवसर मिल सके। इसमें शिक्षक एक ही विषय को अलग-अलग तरीकों, गतिविधियों और स्तरों पर प्रस्तुत करता है, ताकि हर बच्चा अपनी गति से समझ सके।

उदाहरण के लिए यदि शिक्षक कक्षा में "पाठ पढ़ना" सिखा रहे हैं, तो वे बच्चों को उनके स्तर के अनुसार समूहों में बाँट सकते हैं—कुछ बच्चों को अक्षर पहचानने का अभ्यास, कुछ को शब्द पढ़ने का और कुछ को वाक्य या कहानी पढ़ने का कार्य दिया जा सकता है। इसी प्रकार गणित में भी कुछ बच्चों को सरल जोड़-घटाव, जबकि अन्य को थोड़े कठिन प्रश्न दिए जा सकते हैं। इस प्रकार हर बच्चा अपनी क्षमता के अनुसार सीखता है और धीरे-धीरे आगे बढ़ता है।

डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे कोई भी बच्चा पीछे नहीं छूटता। यह पद्धति विशेष रूप से उन बच्चों के लिए उपयोगी है जो सामान्य कक्षा शिक्षण में कठिनाई महसूस करते हैं। साथ ही, जो बच्चे तेज हैं, उन्हें भी चुनौतीपूर्ण कार्य देकर उनकी क्षमता का और विकास किया जा सकता है।

बिहार के विद्यालयों में "निपुण बिहार" और Teaching at the Right Level (TaRL) जैसे प्रयासों के अंतर्गत इसी प्रकार के दृष्टिकोण को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसमें बच्चों के सीखने के स्तर का आकलन कर उन्हें उसी के अनुसार शिक्षण दिया जाता है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।

डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन के लिए शिक्षक को कक्षा में लचीलापन (Flexibility) और रचनात्मकता अपनानी होती है। उन्हें यह समझना होता है कि कौन-सा बच्चा किस स्तर पर है और उसे किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। इसके लिए समूह कार्य, गतिविधि आधारित शिक्षण, विभिन्न प्रकार के प्रश्न और शिक्षण-सहायक सामग्री का उपयोग बहुत सहायक होता है।

अंततः कहा जा सकता है कि डिफरेंशिएटेड इंस्ट्रक्शन शिक्षा को वास्तव में समावेशी और प्रभावी बनाता है। यह प्रत्येक बच्चे की सीखने की जरूरतों का सम्मान करता है और उसे आगे बढ़ने का उचित अवसर प्रदान करता है। जब शिक्षक इस दृष्टिकोण को अपनाते हैं, तो कक्षा में सीखने का वातावरण अधिक संतुलित, सकारात्मक और परिणामदायी बन जाता है।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# अनुभाग-8 कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 26

## "(मैट्रिक के बाद – Fashion Designing (Diploma))"

## 'संपादकीय'

**प्रिय विद्यार्थियों,**

यदि आपकी रुचि डिज़ाइन, कपड़े, क्रिएटिविटी, स्टाइल और फैशन ट्रेंड्स में है, तो Fashion Designing (Diploma) एक रचनात्मक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। इस कोर्स में फैब्रिक चयन, स्केचिंग, पैटर्न मेकिंग, गारमेंट कंस्ट्रक्शन, फैशन इलस्ट्रेशन, टेक्सटाइल साइंस, बुटीक मैनेजमेंट आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे आप अपने विचारों को व्यावहारिक उत्पाद में बदलना सीखते हैं।

अर्हता: 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण; रचनात्मक सोच और डिज़ाइन में रुचि आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकतर संस्थानों में डायरेक्ट एडमिशन/मेरिट के आधार पर प्रवेश; जबकि प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश परीक्षा आयोजित होती है।

बिहार के प्रमुख सरकारी/प्रशिक्षण संस्थान:

Bihar Skill Development Mission – कौशल आधारित फैशन/टेक्सटाइल कोर्स

राज्य के पॉलिटेक्निक/महिला प्रशिक्षण संस्थान

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:

National Institute of Fashion Technology – nift.ac.in

National Institute of Design – nid.edu

Indian Institute of Handloom Technology – iiht.nic.in

कोर्स अवधि: 1–3 वर्ष (डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनुसार)।

रोजगार की संभावना: फैशन डिजाइनर, बुटीक मैनेजर, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, गारमेंट कंपनियाँ, फैशन हाउस, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म। प्रारंभिक आय ₹15,000–30,000 प्रति माह, अनुभव और ब्रांड वैल्यू के साथ आय में अत्यधिक वृद्धि।

स्व-रोजगार के अवसर: अपना बुटीक/डिज़ाइन स्टूडियो, ऑनलाइन फैशन ब्रांड, कस्टम डिजाइनिंग—कम निवेश में शुरू कर सकते हैं।

आगे के अवसर:

एडवांस फैशन डिजाइनिंग, NIFT/NID से उच्च शिक्षा, फैशन टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन, स्टाइलिंग आदि।

वित्तीय सहायता:

कौशल आधारित प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार की योजनाएँ उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) से सहायता मिल सकती है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन करें।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप रचनात्मक, नवीन सोच वाले हैं और फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

अगले पत्र में – इंटरमीडिएट के बाद : BCA (Bachelor of Computer Applications)। 💻

...........✍️

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org